PUBLICATION NAME :	Dainik Bhaskar
EDITION :	Delhi
DATE :	03/05/24
PAGE :	15

महिलाओं में उद्यमिता के लिए प्रोग्राम

नई दिल्ली | भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) अहमदाबाद ने राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की साझेदारी में देशभर में भावी महिला उद्यमियों के लिए 100 एंटरप्रिन्योरशिप अवेयरनैस प्रोग्राम आयोजित किए। इसके तहत महिलाओं को उद्यमिता को कॅरियर के रूप में अपनाने के फायदों के बारे में बताया गया। साथ ही उद्यमी बनने में आने वाली सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक बाधाओं से निपटने की जानकारी दी गई। दिल्ली में आयोजित प्रोग्राम में रेखा शर्मा मुख्य अतिथि रहीं। इस मौके पर ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला व सिडबी के चीफ जनरल मैनेजर शुभ्रांशु आचार्या मौजूद रहे।